# 187 नलजल योजनाओं का कार्य लटका अधर में, कलेक्टर ने लगाई फटकार

## 132 टंकियों में से केवल 80 का काम हुआ पूरा, कछुआ गति से चल रहा जिले में काम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अक्टूबर, नलजल योजनाओं का कार्य जिले में कछुआ गति से चल रहा है. जो कार्य कई माह पहले पूरा हो जाना चाहिये था वह अभी तक पूरा नही हो पाया है. 187 नलजल योजनाओं का कार्य अधर में लटका हुआ है. इतना ही नही 132 निर्माणाधीन टंकियों का काम पूरा करना था जिसमें केवल 80 टंकियों का कार्य अभी तक पूरा हुआ है.**



नलजल योजनाओं के कार्य के दौरान सड़के क्षतिग्रस्त कर दी गई. लेकिन सुधार का कार्य नही किया गया. जिसके कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है. जिले भर में समूह नलजल योजनाओं का काम चल रहा है. जिसकी प्रगति संतोषजनक नही होने पर कलेक्टर रीवा ने फटकार लगाते हुए जनवरी माह तक निर्माण कार्य पूरा करने का अल्टीमेटम दिया है ताकि मार्च माह से समूह नलजल योजनाओं से पानी की सप्लाई हो सके. पाइप लाइन बिछाने के साथ घरो में कनेक्शन का कार्य भी बहुत धीमी गति से चल रहा है. काम करने वाली एजेंसी गुणवत्ता के साथ काम में तेजी नही दिखा रही है. कदैला समूह नलजल योजना का भी काम अभी तक पूरा नही हो पाया है. कुछ कार्य अधर में लटका है, समय पर योजना का कार्य होने पर ही लाभ मिल सकेगा. लेकिन काम करने वाली एजेंसियां काम में रूचि नही दिखा रही है. जिसकी वजह से जो काम कई माह पहले पूरा हो जाना था वह अधर में लटका हुआ है. कई काम निर्माण एजेंसियों द्वारा पेटी में कराया जा रहा है.

कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि जिले में स्वीकृत 509 एकल नलजल योजनाओं में से 225 ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कर दी गई हैं. अभी 187 नलजल योजनाओं का कार्य प्रगति पर है. इन्हें दिसम्बर माह तक ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कर दिया जाएगा. निर्माणाधीन 132 टंकियों में से 80 का कार्य पूरा कर लिया गया है. जिले की पुनरीक्षित 284 नलजल योजनाओं में से 150 के टेण्डर जारी कर दिए गए हैं.

### मार्च माह से पानी प्रदाय करने का प्रयास

जल निगम के जिला प्रबंधक चित्रांशु ने बताया कि रीवा बाणसागर समूह नलजल योजना तथा सतना बाणसागर समूह नलजल योजना में इंटेक वेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक पूरा हो जाएगा. सभी समूह नलजल योजनाओं से आगामी मार्च माह से पानी प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है.

### कलेक्टर ने दिया अल्टीमेटम

नलजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दो टूक में कहा कि सभी एकल नलजल योजनाओं का निर्माण कार्य एक माह में पूरा करके पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें. जिन स्थानों में टंकियों का निर्माण शेष है वहाँ स्पॉट सोर्स से पानी की आपूर्ति कराएं. समूह नलजल योजनाओं के कार्य की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी जताई. कलेक्टर ने निर्देश दिये कि नलजल योजनाओं की निर्माणाधीन 52 टंकियों का निर्माण समय पर पूरा कराएं. सहायक यंत्री तथा उपयंत्री लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर नलजल योजनाओं को चालू रखना सुनिश्चित करें. नलजल योजनाओं के निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की बाधा आने पर तत्काल अवगत कराएं.

# घर बैठे खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान कर सकते हैं परीक्षण विधि से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अक्टूबर, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुओं एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान के लिए परीक्षण विधि की जानकारी दी गई है. इस परीक्षण विधि का उपयोग कर मिलावटी चीजों की आसानी से पहचान की जा सकती है.**

दूध और दही में मिलावट को जानने के लिए दूध व पानी बराबर मिलाकर हल्का गर्म कर दो-तीन बूंद टिंचर आयोडीन डालने से यदि रंग नीला हो जाए तो स्टार्च की मिलावट होती है. इसी प्रकार पनीर, मावा व छेने की मिठाईयों में दो-तीन बूंद टिंचर आयोडीन डालने पर रंग काला आ जाए तो इसमें भी स्टार्च मिला हो सकता है. घी को तेज गर्म करने पर यदि यह तेजी से नहीं पिघलता और गर्म होने के साथ खुशबू कम हो तो यह मिलावटी हो सकता है. कटे हुए आलू के टुकड़े पर थोड़ा सा नमक डालने के बाद दो-तीन बूंद नीबू रस डालते ही यदि रंग नीला आ जाए तो इसमें आयोडीन मिला होगा. हल्दी, मिर्ची, धनिया व गरम मसाले में दो-तीन बूंद टिंचर आयोडीन डालने पर रंग नीला आ जाए तो उसमें स्टार्च की मिलावट होती है. इसी प्रकार लाल मिर्ची व हल्दी पाउडर को काँच की ग्लास में भरकर रखने पर यदि गहरा रंग आए तो यह मिलावटी है. हींग में मिलावट की पहचान के लिए इसे एक ग्लास पानी में डालकर घोलने पर यदि पानी दुधिया न हो और हींग नीचे बैठ जाए तो हींग मिलावटी है. काली मिर्च को ग्लास से भरे पानी में डालने पर काली मिर्च तलहटी में बैठ जाए और पपीते के बीज या अशुद्धियां सतह पर तैरने लगे तो वह मिलावटी होती है. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा परीक्षण विधि में बताया गया है कि खाद्य तेल में एक चम्मच शुद्ध घी मिलाने से यदि रंग लाल हो जाए तो यह तेल लुब्रीकेंट युक्त है. शहद को पानी में डालने पर यदि वह तलहटी में बैठ जाए तो वह शुद्ध होता है.

मिलावटी शहद में पानी में सीधे घुल जाता है. इसी प्रकार चायपत्ती सफेद खाली पेपर पर रखकर कुछ बूंद पानी की डालने पर गहरा कलर छोंड़े और वह कलर तेजी से पेपर में फैलने लगे तो चायपत्ती में मिलावट होगी. आइसक्रीम को एक काँच की कटोरी में लेकर दो-तीन बूंद नीबू रस डालने पर यदि बुलबुले आएं तो डिटर्जेंट की मिलावट होगी. चाँदी के वर्क को हथेली में रखकर घिसने पर शुद्ध वर्क गायब हो जाएगा यदि उसमें एल्युमीनियम की मिलावट होगी तो वर्क हथेली में रहेगा.

## संक्षिप्त




### एयरपोर्ट रीवा में प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

**रीवा,** रेडक्रास सोसायटी रीवा द्वारा एयरपोर्ट रीवा में प्राथमिक उपचार के साथ ही फायर ट्रेनिंग का प्रशिक्षण दिया गया. रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी तथा डायरेक्टर एयरपोर्ट की उपस्थिति में डॉ आनंद महिन्द्रा द्वारा मानव शरीर रचना, फ्रैक्चर, वर्न, घाव में फस्टएड के संबंध में जानकारी दी गई. जबकि डॉ जगजीवन पाण्डेय ने रक्तस्राव को रोकने की विधि बताई. डॉ सुशील त्रिपाठी द्वारा कृत्रिम श्वास एवं हृदय पुनर्संचालन व डूबते हुए व्यक्ति को बचाने के विषय में बताया गया. इसी क्रम में एके खान ने आपदा प्रबंधन व सुरेन्द्र सिंह ने रेडक्रास के उद्देश्यों की जानकारी दी. कार्यक्रम में प्रोफेसर बृजेश पाण्डेय, ऐश्वर्य कुमार मीणा सहित एयरपोर्ट के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे.

### लाड़ली बहनों को आज मिलेगी 29वीं किस्त

**रीवा,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश की लाड़ली बहनों को 12 अक्टूबर को 29वीं किस्त जारी करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग एक करोड़ 26 लाख 86 हजार लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29वीं किस्त की 1541 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण करेंगे.

### कोर्स बदलने पर भी ले सकते हैं फार्मेसी में प्रवेश

**रीवा,** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री का वर्चस्व किसी परिचय का मोहताज नहीं है. आने वाले कई दशकों तक इस क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर उपलब्ध रहेंगे. यही कारण है कि प्रदेश और देशभर में फार्मेसी (डिग्री/डिप्लोमा) संस्थानों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है और विद्यार्थियों तथा अभिभावकों का रुझान भी तेजी से इस दिशा में बढ़ा है. हालांकि, सत्र 2025-26 के लिए फार्मेसी कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया की काउंसलिंग में कुछ तकनीकी कारणों से विलंब हुआ है. इस बीच कई छात्रों ने अन्य विकल्पों की ओर रुख कर लिया. श्री कृष्णा फार्मेसी कॉलेज, रीवा की प्राचार्या डॉ. मनीषा पटेल ने बताया कि फार्मेसी कॉलेजों की प्रवेश प्रक्रिया अभी भी जारी है. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा संचालनालय उन विद्यार्थियों की सहायता कर सकता है जो कोर्स या कॉलेज बदलने के बाद भी फार्मेसी में प्रवेश लेना चाहते हैं. डॉ. मनीषा ने कहा कि फार्मेसी में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी प्राथमिकता और रूचि के आधार पर संबंधित कॉलेजों से संपर्क करना चाहिए. कॉलेज प्रबंधन को भी ऐसे विद्यार्थियों के प्रति सहयोग और मार्गदर्शन की तत्परता दिखानी होगी.

### सामूहिक खतना बिछिया में आज

**रीवा,** आल इंडिया उम्मत-ए-मोहम्मदिया कमेटी रीवा के तरफ से आयोजित होने वाला सामूहिक खतना कार्यक्रम 12 अक्टूबर को सुबह 08 :30 बजे से हजरत बाबा शुक्रूशाह रह0 के ग्राउण्ड शाही इदगाह बिछिया में आयोजित होगा. कार्यक्रम संचालक मंडल के मकदूम खान, मोहसिन खान एवं मुश्ताक खान ने बताया कि यह कार्यक्रम संभाग स्तरीय है जिसमें रीवा, मऊगंज, सतना, मैहर, सीधी, कटनी आदि जगहो के लोग शामिल होगे अभी तक खतना में लगभग 270 बच्चो का रजिस्ट्रेशन हो चुका है यह पूरी तरह से नि:शुल्क है.

### पुलिस के चेहरे से जनता में बड़ा आक्रोश : मंगू

**रीवा,** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार में पुलिस पैसे की हवास में जनता की सुरक्षा को भूलकर अपराधियों के गोद में बैठ गई है जिससे जनता में पुलिस के चेहरे को देखकर ही आक्रोश बढ़ता जा रहा है, यदि यह स्थिति और बिगड़ी तो मध्य प्रदेश का पुलिस सिस्टम फेल हो जाएगा. उक्त विचार मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने व्यक्त की. उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से सिवनी में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी पैसे की हवास में पागल होकर व्यापारी के पैसे की लूट की उससे प्रदेश के पुलिस का चेहरा जनता के बीच बेनकाब हो गया, उक्त मामले से ऐसा लगने लगा है कि प्रदेश की पुलिस रक्षक से भक्षक बन कर सिर्फ पैसा लूटने की हो गई. यह खेल बिना सरकार के संरक्षण में संभव नहीं. कांग्रेस नेता ने डीएसपी के साले की पुलिस कर्मियों से मारपीट के मामले पर कहा कि पुलिस अपने कर्तव्य व प्रतिज्ञा को भूलकर सिर्फ पैसे कमाने में अपने को मशगूल कर ली है जिसके परिणाम ही ऐसी घटनाएं सामने आ रही है. यह सब प्रदेश में मोहन जी के बागडोर संभालने के बाद कुछ अधिक ही हो गई है. रीवा जिला आज नशा के व्यापार का सबसे बड़ा केंद्र है.



# रीवा में 155 और मऊगंज जिले में 15 डेंगू के प्रकरण सामने आए

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अक्टूबर, डेंगू और मलेरिया से कुछ सावधानियां रखकर बचा जा सकता है. 9 माह में रीवा 155 और मऊगंज में 15 डेंगू के मामले सामने आए है.**

जिला मलेरिया अधिकारी ने वर्षाकाल के उपरांत मच्छर जनित बीमारियों डेंगू व मलेरिया से बचने की सलाह दी है. उन्होंने कहा है कि बारिश के बाद ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जगह-जगह जल भराव व वातावरणीय परिस्थितियां मच्छरों के अनुकूल होने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारी की संभावना बनी रहती है.

उन्होंने बताया कि जनवरी माह से सितम्बर माह तक रीवा जिले में 155 व मऊगंज जिले में 15 डेंगू के प्रकरण सामने आए हैं. रीवा शहरी क्षेत्र में 36 डेंगू के पॉजिटिव मरीज पाए गए. सर्वे के दौरान 27317 घरों में 33238 कंटेनर चेक किए गए जिनमें से 37 पॉजिटिव लार्वा पाए गए साथ ही 16537 कंटेनर खाली भी कराए गए.

मलेरिया विभाग के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा सतत रूप से लार्वा सर्वे, फीवर सर्वे के साथ ही स्कूलों व आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं घर-घर भ्रमण कर बीमारियों से बचाव एवं उनके नियंत्रण के संबंध में जानकारियाँ दी जा रही हैं. इस कार्य में एंबेड प्रोजेक्ट गोदरेज प्राइवेट लिमिटेड के वालेंटियर्स भी सहयोग कर रहे हैं. मलेरिया अधिकारी ने लोगों से डेंगू व मलेरिया बीमारी से बचने की अपील की है.

# किराया सूची का उल्लंघन करने पर 14 यात्री बसों पर चालान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अक्टूबर, त्योहारों के सीजन में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रीवा परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रीवा के निर्देशन मे परिवहन सुरक्षा स्कवाड़ रीवा की टीम ने शुक्रवार को शहर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया.**




जिसमें 14 यात्री बसों पर किराया सूची संबंधी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई. इस कार्रवाई से यात्रियों को मनमाने किराए से बचाव करना है, जो त्योहारी भीड़ में आम समस्या बन चुकी है. परिवहन विभाग ने बताया कि त्योहारों के दौरान बस संचालकों द्वारा निर्धारित किराया दरों से अधिक वसूली और किराया सूची न चिपकाने की शिकायतें बढ़ रही थीं. विभाग ने इन उल्लंघनों को रोकने के लिए विशेष निगरानी बढ़ाई है. चेकिंग के दौरान कुल 25 से अधिक बसों का निरीक्षण किया गया. लेकिन 14 बसें ऐसी पाई गईं जिनमें किराया सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं की गई थी या यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक किराया लिया जा रहा था. इन बसों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया गया. परिवहन विभाग ने स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि आगामी दिनों में ऐसी चेकिंग और तेज की जाएगी. विभाग ने बस संचालकों को निर्देश दिए हैं कि सभी यात्री वाहनों में किराया सूची प्रमुख स्थान पर चिपकाई जाए और निर्धारित दरों का ही पालन किया जाए. उल्लंघन पर चालान के साथ-साथ परमिट निलंबन जैसी सख्त कार्रवाई की जा सकती है.

# त्योंथर को विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने प्रयासरत हूं : सिद्धार्थ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अक्टूबर, विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज का नागरिक अभिनन्दन गोंदकला किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जातिवाद का जहर बोती है वहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन मोहन यादव के नेतृत्व में विकास की फसल लहलहा रही है. उन्होंने कहा कि त्योंथर को विकास की अग्रिम पंक्ति में लाके खड़ा करने के लिए निरंतर प्रयासरत हूं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत योजना, लाड़ली बहना योजना, किसान सम्मान निधि जैसी तमाम योजनों से आम आदमी की जिंदगी खुशहाल हुई है. इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वासन दिया गया कि जो भी मांगे हैं उसे शीघ्र पूरा करेंगे. गोंदकला का विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा. कार्यक्रम में जिला मंत्री प्रणेश ओझा, मंडल अध्यक्ष समीर सिंह, गंगा प्रसाद द्विवेदी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष त्योंथर डॉ अमर नाथ पंकेश, अजायब लाल द्विवेदी, डॉ आरपी तिवारी, प्रभात कोल, राहुल पांडेय बाहुबली, अरविंद शुक्ला संचालक, गौरव पांडेय मनीष तिवारी, नीरज तिवारी, सुनील कोल मौजूद रहे.

### समाधान ऑनलाइन 23 को

**रीवा, 11 अक्टूबर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 अक्टूबर को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदकों की शिकायतों का समाधान करेंगे. यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे से आयोजित किया जाएगा. समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन के विभिन्न विषयों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की जाएगी. इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, रासायनिक खाद और बीज का वितरण, नलजल योजनाओं आदि शामिल है.

# कनेक्शन काटने पर अगर कोई जोड़ता है तो दर्ज होगी एफआईआर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अक्टूबर, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने राजस्व एवं जलकर विभाग की वसूली के संबंध में समीक्षा बैठक ली.**

बैठक में उन्होंने साप्ताहिक वसूली की प्रगति की जानकारी ली. निगम आयुक्त ने जलकर वसूली की न्यूनतम प्रगति पर सख्त निर्देशित किया कि अभियान चला कर वार्डवार बड़े बकायदारों की सूची तैयार कर जलकर वसूली करे एवं जिन बड़े बकायादार द्वारा जलकर जमा नहीं किया जाता विशेष तौर पर टीम गठित कर उनके नल कनेक्शन कटवाए जाए, साथ ही अवैध नल कनेक्शन भी कांटे इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करे कि जिनके कनेक्शन कटे गए है अगर बिना अनुमति के अवैध रूप से पुन: जोड़ लेते है उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाए. नए वाटर कनेक्शन जल प्रदाय विभाग के साथ सहायक आयुक्त जलकर के अनुमति से ही दिए जाए. जोनवार प्रॉपर्टी टैक्स की समीक्षा करते हुए कहा कि 2 तिमाही बीतने के बाद भी लक्ष्य से काफी कम वसूली प्रगति है सभी वार्ड प्रभारियों को सख्त निर्देशित किए कि सभी लोग निरंतर संपर्क करते हुए डोर टू डोर जाकर टैक्स कलेक्शन करे. वार्ड 4 के वार्ड प्रभारी बैठक में बिना अनुमति अनुपस्थित होने पर नोटिस दी गई है.

# वर्क ऑर्डर के बाद भी काम न करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्टेड

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अक्टूबर, निगम आयुक्त डा0 सौरभ सोनवणे ने विभिन्न विभागो की समीक्षा की और काम न करने वाले ठेकेदारो को ब्लैकलिस्टेड करने के निर्देश दिये.**

सीएम हेल्पलाइन के लंबित शिकायतो के निराकरण के निर्देश दिये. बैठक में स्वच्छता एवं अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतों पर असंतोष जताते हुए निगमायुक्त ने एक दिवस में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिन वार्डों में सर्वाधिक शिकायतें लंबित हैं, वहां तत्काल कार्रवाई कर संतुष्टिपूर्वक शिकायतें बंद कराई जाएं. उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा अगर शिकायतों का प्रभावी निराकरण नहीं किया जाता है तो उन्हें नोटिस जारी कर वेतन वृद्धि रोके जाने के निर्देश दिए. इको पार्क द्वारा नाली में पाइप डाल कर पानी निकासी रोकी जा रही जिससे आस पास के क्षेत्र में जल भराव हो रहा जिस पर संज्ञान लेते हुए इको पार्क को नोटिस जारी करने के साथ ही तत्काल पाइप हटाकर जल निकासी दुरुस्त करने के निर्देश दिए. प्रधानमंत्री आवास योजना की जो फाइल वार्ड प्रभारी के स्तर पर पेंडिंग है उन्हें तत्काल निरीक्षण कर फाइल पीएमएवाय शाखा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. अवैध कालोनी की समीक्षा करते हुए न्यूनतम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि हर महीने लक्ष्य निर्धारित कर अभियान के रूप में अवैध कालोनी की विकास शुल्क वसूली करे. जोन 2 में शिव महिमा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा वर्क ऑर्डर मिलने के बाद भी कार्य प्रारंभ न करने पर कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए. साथ ही, जिन संविदाकारों ने जुलाई-अगस्त में वर्क ऑर्डर मिलने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं किया, उन सभी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई करने को कहा. बैठक में उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सहायक आयुक्त शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री एसके गर्ग, पीएन शुक्ला मौजूद रहे.





समान फ्लाई ओव्हर के नीचे लगे फलों के ठेले

# सिरमौर चौराहा और समान फ्लाई ओव्हर के नीचे लग रहे ठेले

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अक्टूबर, शहर के अंदर हाथ ठेला एक सबसे बड़ी समस्या है, फल से लेकर चाट-फुल्की एवं आईस्क्रीम के वाहन शहर के फ्लाई ओवर के नीचे दुकान सजाते है. जिसके चलते आवागमन प्रभावित होता है.**

नगर निगम द्वारा कई बार हटाने के साथ स्थान भी चिन्हित किया गया. बावजूद इसके मनमानी तरीके से ठेले लगाए जा रहे है. कई जगह नगर निगम के कर्मचारियों के सह पर ही यह काम चल रहा है. गौरतलब है कि शहर की सड़को की चौड़ाई अस्थाई अतिक्रमण के कारण कम हो गई है. सिरमौर चौराहा एवं समान तिराहा फ्लाई ओवर के नीचे से निकलना आसान नही होता. यहा पर हाथ ठेले से लेकर आईस्क्रीम आदि के गाड़ी नुमा ठेले खड़े होते है. इसके अलावा अवैध पार्किंग भी बनी हुई है, अक्सर जाम की स्थित बनती है. नगर निगम द्वारा कई बार सख्ती से हटाने की कार्यवाही की गई. लेकिन उसी स्थान पर पुन: ठेला लगा लिया जाता है. नए बस स्टैण्ड से लेकर समान तिराहे तक पूरे फ्लाई ओवर के नीचे दुकाने सजी है. यही हाल सिरमौर चौराहे का है. कार्यवाही के दौरान स्थान चिन्हित किया गया था, लेकिन उसके अलावा भी ठेले लगाए जा रहे है. चालान की कार्यवाही के दौरान अक्सर विवाद की स्थित निर्मित होती है. कई जगह तो नगर निगम के कर्मचारी खुद छूट दिये हुए है, जिसके कारण ठेले सहित अन्य वाहन लगाए जा रहे है और जाम की समस्या होती है.